महाविद्यालय कोड -

# राजकीय महाविद्यालय, कुचलाई

## सीतापुर, उ0प्र0।

(छत्रपति शाहूजी महाराज विश्वविद्यालय, कानपुर से सम्बद्ध)

# Government Degree College

Kuchlai, Sitapur (U.P.)

E-mail : principalgdckuchlai@gmail.com

## विवरणिका एवं प्रवेश आवेदन-पत्र

## Prospectus & Application Form




स्नातक प्रथम वर्ष में प्रवेश हेतु छात्र-छात्राओं को विश्वविद्यालय की वेबसाइट **www.kanpuruniversity.org** पर जाकर आनलाइन अपना **Web Registration Number (WRN)** जनरेट करना अनिवार्य है। **WRN** के बिना प्रवेश आवेदन-पत्र स्वीकार नहीं किया जायेगा।

# महत्वपूर्ण निर्देश

1. बी.ए. एवं बी. कॉम, प्रथम वर्ष की कक्षाओं में प्रवेश के इच्छुक अभ्यर्थियों को छत्रपति शाहूजी महाराज विश्वविद्यालय कानपुर की वेबसाइट पर जाकर **Web Registration Number (WRN)** जनरेट करना होगा, **WRN** जनरेट करने की प्रक्रिया निम्नवत है :-
   - (क) विश्वविद्यालय की वेबसाइट **www.kanpuruniversity.org** पर लिंक **"Generate Web Registration Number"** उपलब्ध होगा जिसके माध्यम से **WRN** जनरेट किया जायेगा।
   - (ख) उक्त लिंक पर क्लिक करके सर्वप्रथम अभ्यर्थियों द्वारा अपना संक्षिप्त विवरण जैसे-नाम, पिता का नाम, माता का नाम, आवेदन की कक्षा, जन्मतिथि, जाति, श्रेणी एवं मोबाइल नम्बर फीड किया जायेगा।
   - (ग) अभ्यर्थी द्वारा उक्त सूचना सबमिट करने के उपरान्त **Login ID** स्क्रीन पर उपलब्ध हो जायेगी तथा उसके मोबाइल नं0 पर एक **One Time Password (OTP)** प्राप्त होगा।
   - (घ) उक्त के उपरान्त **Login Page** पर **Login ID** तथा **OTP** सबमिट करने के पश्चात अगली स्क्रीन पर अभ्यर्थी को अपने शैक्षिक विवरण, पत्राचार/स्थायी पता एवं अन्य विवरण फीड करने होंगे तथा अपनी पासपोर्ट साइज़ फोटो व हस्ताक्षर स्कैन करके अपलोड करने होंगे।
   - (ङ) उपरोक्तानुसार समस्त विवरण सबमिट होने के उपरान्त अभ्यर्थी को 10 अंकीय एक नम्बर स्क्रीन पर प्रदर्शित होगा जिसे **Web Registration Number (WRN)** कहा जायेगा।
   - (च) अभ्यर्थी स्क्रीन पर उपलब्ध **Print Option** द्वारा **WRN** आवेदन का प्रिन्ट आउट प्राप्त कर अपने आवेदन के साथ संलग्न कर महाविद्यालय में जमा करेंगे।
   - (छ) **Web Registration Number (WRN)** जनरेट करने हेतु उक्त प्रक्रिया में एक मोबाइल एवं ई-मेल आई.डी. से **01 WRN** जनरेशन किया जा सकेगा।
   - (ज) **WRN** नम्बर को अभ्यर्थी को आवेदन-पत्र में उपलब्ध स्तम्भ में अंकित करना अनिवार्य होगा।
2. सभी विद्यार्थी अपना सक्रिय मोबाइल नं0 और ई-मेल आई.डी. अनिवार्य रूप से अंकित करें। किसी भी दशा में **WRN** हेतु दर्ज मोबाइल नं. परिवर्तित न करें अन्यथा परीक्षा व छात्रवृत्ति आवेदन-पत्र अपूर्ण रहने पर समस्त उत्तरदायित्व अभ्यर्थी का होगा।
3. छात्र/छात्राएं अपनी इच्छानुसार कालेज एवं कोर्स का चयन करें जिनमें वह प्रवेश लेने के इच्छुक हों। कोई भी त्रुटि होने की स्थिति में **Save Registration** करने से पहले आप आवेदन में हुई त्रुटि सुधार सकते हैं।
4. आवेदन-पत्र में सभी जानकारियाँ भरने के बाद आपके द्वारा दिये गये मोबाइल एवं ई-मेल आई.डी. पर यूजर आई. डी. एवं पासवर्ड भेजा जायेगा जिससे आप आवेदन पत्र डाउनलोड कर सकते हैं।
5. छात्र/छात्राएं विश्वविद्यालय की वेबसाइट पर जाकर **Generate Web Registration Number** लिंक पर क्लिक करेंगे तत्पश्चात अपना **Applicants Login** पर क्लिक करेंगे और अपना यूजर आई.डी. और पासवर्ड डालेंगे इसके पश्चात छात्र **College Choosen** के **Option** पर जाकर **Govt. Degree College, Kuchlai, Sitapur** के सामने दिये गये **Offer Letter** को डाउनलोड कर आवेदन-पत्र के साथ अवश्य संलग्न करें।
6. विद्यार्थी महाविद्यालय नोटिस बोर्ड का अवलोकन नियमित रूप से अवश्य करते रहें।

## प्रवेश आवेदन पत्र भरने सम्बन्धी निर्देश

1. प्रवेशार्थी प्रवेश आवेदन भरने से पूर्व प्रवेश विवरणिका का अध्ययन भली भाँति कर लें।
2. प्रवेश आवेदन पत्र पूर्ण रूप से भरें। कोई खाना खाली न छोड़ें। जो लागू न हो **(x)** कर दें। अपूर्ण आवेदन पत्र निरस्त कर दिये जायेंगे।
3. प्रवेश आवेदन पत्र के साथ निम्नलिखित प्रमाण पत्रों की छायाप्रति संलग्न करना अनिवार्य है :-
   (अ) हाईस्कूल व इण्टर के अंक पत्रों एवं प्रमाण पत्रों की स्वतः प्रमाणित छाया प्रति।
   (ब) टी0सी0 एवं चरित्र प्रमाण पत्र की छाया प्रति।
   (स) खेलकूद एवं अन्य प्रमाण पत्रों जिनका लाभ लेना चाहते हों, की छाया प्रति।
   (द) आय एवं जाति प्रमाण पत्रों (केवल आरक्षित वर्ग के लिये) जो तहसील द्वारा बनवाया गया हो एवं **Board of Revenue** की वेबसाइट से डाउनलोड किया गया हो, की छाया प्रति।
   (य) विकलांग अभ्यर्थी लाभ लेने हेतु अपना प्रमाण पत्र संलग्न करें।
   (र) प्रवेशार्थी को छः माह के अन्दर की 6 रंगीन फोटो लानी होंगी।
   (ल) आधार कार्ड की छाया प्रति।
   (स) **WRN** एवं **Offer Letter**
4. प्रवेशार्थी को प्रवेश के समय ही अपने विषय (प्रवेश समिति द्वारा अनुमोदित) लेने होंगे। प्रवेश के बाद विषय परिवर्तन की अनुमति किसी भी दशा में नहीं होगी।
5. वाणिज्य संकाय में जो विषय संचालित हैं उन्हीं को लेना अनिवार्य है।
6. प्रवेश हेतु साक्षात्कार की सूचना महाविद्यालय के सूचना पट्ट पर चस्पा कर दी जायेगी। व्यक्तिगत/ डाक से सूचना नहीं दी जायेगी। साक्षात्कार हेतु निर्धारित समय एवं तिथि पर उपस्थित न होने की दशा में प्रवेशाधिकार स्वतः समाप्त हो जायेगा तथा रिक्त स्थान पर अन्य प्रवेशार्थी को प्रवेश दे दिया जायेगा।
7. निर्धारित तिथि तक शुल्क न जमा करने पर प्रवेश स्वतः निरस्त हो जायेगा।
8. साक्षात्कार के समय सभी मूल अंकपत्र, प्रमाण पत्र लाना अनिवार्य है।
9. प्रवेश देने का पूर्ण अधिकार प्राचार्य को है। प्राचार्य द्वारा बिना कारण बताये प्रवेश निरस्त किया जा सकता है।
10. विवाहित महिला अभ्यर्थी प्रवेश आवेदन पत्र में हाईस्कूल अंक पत्र के आधार पर ही पिता का नाम लिखें।

## महाविद्यालय में स्नातक स्तर पर संचालित विषय

### कला संकाय -

हिंदी, अंग्रेजी, अर्थशास्त्र, इतिहास, राजनीति शास्त्र, मनोविज्ञान एवं गृह विज्ञान।

### वाणिज्य संकाय -

समस्त अनिवार्य विषय

# प्रवेश सम्बन्धी नियम

1. महाविद्यालय में प्रवेश प्रक्रिया शीघ्र ही पूर्ण कर ली जायेगी।
2. प्रवेश प्रक्रिया महाविद्यालय पर गठित प्रवेश समिति द्वारा योग्यता सूची एवं साक्षात्कार के आधार पर चयनित अभ्यर्थियों की सूची से पूर्ण की जाती है, जिसमें प्रत्येक श्रेणी सामान्य/ अन्य पिछड़ा वर्ग / अनुसूचित जाति / जनजाति की सूची सूचना पट्‌ट पर चस्पा कर दी जायेगी।
3. प्रवेशार्थी को इण्टरमीडिएट परीक्षा में कम से कम निम्नलिखित अंक अर्जित करना अनिवार्य होगा।
   (अ) बी0कॉम0 प्रथम वर्ष में प्रवेश के लिए 45% अंक
   (ब) बी.एस-सी. में प्रवेश के लिए न्यूनतम 45% अंक
   (स) बी0ए0 प्रथम वर्ष में प्रवेश के लिए न्यूनतम 40% अंक
   (द) अनुसूचित जाति/जनजाति के छात्रों के प्रवेश शासन एवं विश्वविद्यालय नियमानुसार।
4. गैप इयर हेतु निर्धारित प्रारूप पर शपथ पत्र देना होगा। इसके लिए 5 अंक मेरिट के काटे जायेंगे केवल पाँच वर्ष का गैप अनुमन्य होगा।
5. आरक्षण शासनादेशों के अन्तर्गत दिया जायेगा। जो निम्न प्रकार है -
   (अ) अनुसूचित जाति के लिए 21 प्रतिशत।
   (ब) अनुसूचित जनजाति के लिए 2 प्रतिशत तथा अन्य पिछड़ा वर्गों के लिए 27 प्रतिशत।
   (स) आर्थिक रूप से पिछड़े सामान्य वर्ग के अभ्यर्थी को प्रवेश के समय लागू शासन/विश्वविद्यालय के नियमानुसार आरक्षण देय होगा।

## क्षैतिज आरक्षण निम्न प्रकार हैं

   (अ) विकलांग अभ्यर्थियों के लिए 2 प्रतिशत।
   (ब) स्वतन्त्रता संग्राम सेनानियों के आश्रितों एवं भूतपूर्व सैनिकों के पाल्यों के लिए 3 प्रतिशत।
   (स) महिला अभ्यर्थियों के लिए 20 प्रतिशत।

6. अनुसूचित जाति/जनजाति की रिक्त सीटों की पूर्ति/अंतिम प्रवेश तिथि को सामान्य वर्ग के अभ्यर्थियों से की जायेगी।
7. शासन तथा उच्च शिक्षा विभाग/विश्वविद्यालय एवं महाविद्यालय द्वारा लिए गए निर्णयों के आधार पर ऐसे अभ्यर्थियों को प्रवेश देना सम्भव नहीं होगाः-
   (क) जो गत वर्ष किसी भी विश्वविद्यालय की परीक्षा में अनुत्तीर्ण रहे हों अथवा परीक्षा में बैठने से रोक दिये ग ये हों अथवा जिनका परीक्षाफल अनुचित साधन प्रयोग करने के कारण रोक दिया गया हो।
   (ख) जिनको महाविद्यालय स्तर पर अनुशासनहीनता के लिए दोषी पाया गया हो।
   (ग) जो किसी आपराधिक मामलों में सजायाफ्ता हों या जिन पर वर्तमान में कोई अभियोग चल रहा हो अथवा जिनका आचरण संदिग्ध हो।
   (घ) जो निर्धारित साक्षात्कार तिथि को उपस्थित न हुए हों और अपने मूल प्रमाण पत्रों को प्रस्तुत न किया हो।
   (ङ) जिन्होंने इण्टर की परीक्षा अमान्य संस्था से उत्तीर्ण की हो।
8. उत्तर प्रदेश शासन/कानपुर विश्वविद्यालय/ उच्च शिक्षा निदेशक उत्तर प्रदेश प्रयागराज के प्रवेश सम्बन्धी आदेशों का सम्यक अनुपालन किया जायेगा।
9. प्रवेशार्थी आवेदन पत्र में अपने सक्रिय मोबाइल नं0 एवं ई-मेल आई.डी. का उल्लेख अनिवार्य रूप से करें।

## छात्रवृत्ति एवं शुल्क प्रतिपूर्ति

उत्तर प्रदेश शासन की नीतियों के अनुरूप अनुसूचित जाति/अनुसूचित जनजाति/अन्य पिछड़ा वर्ग तथा सामान्य वर्ग के ऐसे प्रवेशार्थी को जिनके माता/ पिता/ अभिभावक की समस्त स्रोतों से वार्षिक आय रु. 02 लाख से कम है को छात्रवृत्ति तथा शुल्क प्रतिपूर्ति देय होती है परन्तु इच्छुक छात्र/छात्राओं को छात्रवृत्ति तथा शुल्क प्रतिपूर्ति हेतु आवेदन पत्र भरकर प्रवेश के समय ही जमा करना होगा। आवेदन पत्र भरने के लिए निम्नलिखित सामग्री तथा प्रमाण प्रवेश के समय साथ में लाना अनिवार्य होगा।

विद्यार्थी छात्रवृत्ति हेतु निर्धारित तिथि तक **online** आवेदन कर उसके प्रिन्ट की गयी दो प्रतियां छात्रवृत्ति प्रभारी को समय अन्तर्गत उपलब्ध करायेंगे।

1. **bor.up.nic.in** से डाउनलोड किये गये जाति प्रमाण पत्र (केवल अनुसूचित जाति/जनजाति तथा अन्य पिछड़ा जाति हेतु) की स्वतः प्रमाणित प्रति।
2. माता/पिता/अभिभावक की वार्षिक आय सम्बन्धी प्रमाण पत्र जो **bor.up.nic.in** से डाउनलोड किया गया हो, की स्वतः प्रमाणित प्रति।
3. इण्टर कक्षा उत्तीर्ण की अंकतालिका की स्वतः प्रमाणित प्रति।
4. सीतापुर जिले में स्थित राष्ट्रीयकृत बैंक में खाता खोल कर पासबुक की छाया प्रति।
5. छात्रवृत्ति एवं शुल्क प्रतिपूर्ति आवेदन-पत्र उन्हीं छात्र/छात्राओं का महाविद्यालय द्वारा अग्रसारित किया जायेगा जिनकी उपस्थिति 75% या उससे अधिक होगी।

## अल्पसंख्यक वर्ग हेतु सूचना

शासनादेश संख्या 2690/52-2004 दिनांक 16-10-2004 द्वारा अल्पसंख्यक कल्याण विभाग के अन्तर्गत सामान्य अल्पसंख्यक वर्ग के छात्र/छात्राओं जैसे :- शेख, सैय्यद, खान, मुगल, पठान, शिया, तुर्क को छात्रवृत्ति दिये जाने का प्राविधान है। जैसे :- गद्दी, बेहना, अंसारी, जुलाहा, तेली, टाइन, मनिहार, फकीर, मलिक, धोबी, मोमिन, अंसार आदि को भी छात्रवृत्ति दिये जाने का प्राविधान है। इसके अतिरिक्त सिख, बौध, जैन समुदाय के अभ्यर्थी अल्पसंख्यक वर्ग में आवेदन करेंगे।

नोट- मुस्लिम वर्ग के सभी छात्र/छात्राएं चाहे वो अन्य पिछड़ा वर्ग/सामान्य में आते हों, अल्पसंख्यक वर्ग में आवेदन करेंगे।

### गैप इयर हेतु शपथ-पत्र का प्रारूप
(10 रुपये के स्टाम्प पेपर पर नोटरी द्वारा सत्यापित)

मैं.................................................................................................पुत्री/पुत्र श्री..................................................
पता ......................................................................................................................................................
.............................................. जो आपके महाविद्यालय (राजकीय महाविद्यालय, कुचलाई, सीतापुर) में कक्षा ................
में प्रवेश लेना चाहता हूँ/चाहती हूँ।

1. मैं शपर्थ पूर्वक बयान करता हूँ/करती हूँ कि मैंने इण्टर .............................................. में उत्तीर्ण की है इसके बाद वर्ष .................... से वर्ष ......................... तक मैंने किसी भी अन्य संस्थागत विद्यालय/महाविद्यालय में प्रवेश नहीं लिया है। मैं इस अन्तराल में ................................ कारण/कारणों से प्रवेश नहीं ले सका था/सकी थी।
2. यदि मेरा उक्त बयान/घोषणा असत्य किसी अंश तक मिथ्या पायी जाती है तो मेरा प्रवेश निरस्त कर दिया जाये। मेरे विरुद्ध कानूनी कार्यवाही करने के लिए सम्बन्धित महाविद्यालय स्वतन्त्र होगा।
3. उक्त शपथ पूर्वक बयान के लिए ईश्वर मेरी मदद करे।

प्रार्थी/अभ्यर्थी के हस्ताक्षर

स्थान :

प्रार्थी का नाम ..........................................................................................

तिथि :

पिता का नाम ..........................................................................................

पता ..........................................................................................
..........................................................................................